# रिसाइकलिंग आसान है




**ऑकलैंड काउंसिल** द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में रिसाइकलिंग कलेक्शन (संग्रह) प्रदान किया जाता है। रिसाइकलिंग अलग-अलग हो सकती है और यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ रहते हैं।




**रिसाइकलिंग** से इस्तेमाल किए गए सामान को नए उत्पादों में बदल दिया जाता है।



**रिसाइकिलिंग** से प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और ऊर्जा में बचत होती है जिससे हमारे पर्यावरण की रक्षा में मदद मिलती है।

आप रसोईघर, बाथरुम (स्नानघर) और लॉन्ड्री (कपड़े धोने वाली जगह) में इस्तेमाल की गई चीजों की पैकेजिंग को रीसाइकल कर सकते हैं:

- प्लास्टिक की बोतलें और डिब्बे
- कांच की बोतलें और जार (मर्तबान)
- टिन और डिब्बे
- कागज और गत्ता।



प्लास्टिक की थैलियों, कपड़ों, बचे-खुचे खाद्य पदार्थों या बगीचे के कूड़े-करकट को अपने रिसाइकिलिंग बिन में मत डालिए।



रिसाइकलिंग को हर पखवाड़े यानि कि हर दूसरे सप्ताह एकत्र किया जाता है।
अपने कैलेंडर की जाँच करें या **makethemostofwaste.co.nz** वेबसाइट पर कलेक्शन (संग्रह) किए जाने वाले दिन की खोज वाले बटन का उपयोग करें।




अपने रिसाइकलिंग बिन के ढक्कन के अंदर की ओर स्टीकर की जाँच करें और **makethemostofwaste.co.nz** वेबसाइट पर रिसाइकिलिंग सर्च (खोज) वाले बटन का उपयोग करें।




Auckland Council
Te Kaunihera o Tāmaki Makaurau

Hindi

# जी हाँ

निम्नलिखित चीजों को रीसाइकलिंग के लिए डाला जा सकता है


प्लास्टिक की बोतलें


बाथरुम (स्नानघर) और लॉन्ड्री (कपड़े धोने वाली जगह) में इस्तेमाल की गई प्लास्टिक की बोतलें


प्लास्टिक के डिब्बे


खाने के साफ़ प्लॉस्टिक के डिब्बे


विज्ञापन मेल और लिफाफे


अंडे रखने वाले गत्ते के डिब्बे


अखबार और मैगज़ीनें


कागज़ और गत्ते का पैकेजिंग का सामान


कांच की बोतलें और जार (मर्तबान)


अल्युमिनियम के कैन या डिब्बे


स्टील और टिन के कैन या डिब्बे


खाली एरोसॉल




# जी नहीं धन्यवाद

इन चीजों को रीसाइकलिंग के लिए नहीं डाला जा सकता


प्लास्टिक की थैलियां (भरी हुई या खाली)


भोजन और बगीचे का कूड़ा करकट


खतरनाक कूड़ा-करकट और रसायन


पालीस्टाइरीन की मीट ट्रे और पैकेजिंग का सामान


सभी प्रकार की बैटरियां


नैपियां


कपड़े, जूते और टेक्सटाइल


खिड़की का शीशा, आईना और बिजली के बल्ब


भोजन पकाने के बर्तन, पायरेक्स और पीने के गिलास


इलेक्ट्रॉनिक और बिजली की चीजें


भवन निर्माण का कूड़ा


मैडिकल



MAKE THE MOST OF WASTE .co.nz

Auckland Council
Te Kaunihera o Tāmaki Makaurau